56. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. लोकसभा में राजस्थान से कुल 25 सदस्य हैं।
2. राजस्थान में विधान परिषद् के कुल सदस्यों की संख्या 200 है।
3. लोकसभा में राजस्थान से अनुसूचित जाति की 4 सीटें एवं अनुसूचित जनजाति की 3 सीटें आरक्षित हैं।

निम्न कूटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए-

(a) 1 एवं 2 केवल (b) 2 एवं 3 केवल
(c) 1 एवं 3 केवल (d) 1 केवल

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (c) – लोकसभा में राजस्थान से कुल 25 सदस्य हैं, जिसमें से 18 सीटें अनारक्षित हैं तथा 4 सीटें अनुसूचित जाति के लिए एवं 3 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। राजस्थान में एक सदनीय विधायिका (विधान सभा) है जिसमें कुल सदस्यों की संख्या 200 है। अतः कथन 1 एवं 3 सत्य हैं।

57. 2018 तक राजस्थान विधानसभा के कितने आम चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं?

(a) 13 (b) 14
(c) 15 (d) 16

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (c) – राजस्थान विधान सभा का पहला चुनाव वर्ष 1952 में सम्पन्न हुआ था तब से लेकर वर्ष 2022 तक कुल पन्द्रह बार विधान सभा का चुनाव सम्पन्न हुआ है। वर्ष, 1967, 1977, 1980, 1992 में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था। वर्ष 1952 में राजस्थान विधानसभा में कुल 160 सीटें थी। वर्तमान में 200 विधानसभा सीटें हैं।

58. राजस्थान में शासन सचिवालय की स्थापना कब हुई?

(a) अप्रैल 1949 (b) अप्रैल 1950
(c) नवम्बर 1949 (d) नवम्बर 1950

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (a) – राजस्थान में शासन सचिवालय की स्थापना अप्रैल, 1949 में हुई थी। राजस्थान सचिवालय जयपुर में स्थित है।

59. बृहद् राजस्थान का प्रधान मन्त्री कौन था?

(1) जय नारायण व्यास (2) गोकुलभाई भट्ट
(3) हीरा लाल शास्त्री (4) माणिक्य लाल वर्मा

उत्तर–(3)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—बृहद राजस्थान संघ का निर्माण 30 मार्च, 1949 को किया गया। वृहद् राजस्थान का विधिवत गठन सरदार पटेल ने किया। जयपुर नगर को इसकी राजधानी बनाया गया। पं. हीरालाल शास्त्री को वृहद् राजस्थान के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। प्रतिवर्ष 30 मार्च को ही राजस्थान अपना स्थापना दिवस मनाता है।

60. राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कितनी बार लगाया गया?

(a) 6 (b) 4
(c) 7 (d) 2

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – अनुच्छेद-356, केंद्र सरकार को किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता या संविधान के स्पष्ट उल्लंघन की दशा में उस राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने का अधिकार प्रदान करता है। राजस्थान में अब तक चार बार (1968, 1977, 1980, 1992) राष्ट्रपति शासन लग चुका है।

61. राजस्थान विधान सभा के इतिहास में 30 जून, 2016 तक कितनी बार विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ और उस पर चर्चा हुई?

(a) एक बार (b) दो बार
(c) तीन बार (d) चार बार

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- राजस्थान विधान सभा के इतिहास में 30 जून, 2016 तक कुल चार बार विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ और उस पर चर्चा की गई। अतः प्रश्नगत विकल्प (d) सत्य है। प्रथम विश्वास प्रस्ताव 23.03.1990 को दूसरा प्रस्ताव 08.11.1990 को तीसरा प्रस्ताव 31.12.1993 तथा चौथा प्रस्ताव 03.01.2009 को लाया गया।

62. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368(2) के उपबन्धों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात् राजस्थान विधानसभा के पास संकल्प द्वारा अनुसमर्थन के लिये आता है, तो

(A) विधानसभा संकल्प पारित कर सकती है।
(B) विधानसभा संकल्प अस्वीकार कर सकती है।
(C) ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

कूट :

(a) केवल (A) (b) (B) और (C)
(c) (A) और (C) (d) (A), (B) और (C)

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान संशोधन की शक्ति एवं प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है। धारा 368 (2) में संशोधन की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया है। इसके परन्तुक के अन्तर्गत आने वाले विषयों में संशोधन का विधेयक राष्ट्रपति के समक्ष तभी प्रस्तुत किया जा सकेगा जब वह कम से कम आधे राज्यों के विधानमण्डलों द्वारा अनुसमर्थित कर दिया गया हो।

संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किये जाने के पश्चात् अनुसमर्थन हेतु (राजस्थान) राज्य विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर वह –

(i) संकल्प को स्वीकार कर सकता है।
(ii) संकल्प को अस्वीकार कर सकता है। परन्तु
(iii) ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नही कर सकता है।

63. निम्न में से कौन राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम अध्यक्ष, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे हैं?

(a) पूनम चंद विश्नोई (b) निरंजन नाथ आचार्य
(c) शांतिलाल चपलोत (d) परसराम मदेरणा

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018